>

Title: Need to sanction laying of new broad gauge railway line from Seoni to Katangi via Barghat in Madhya Pradesh.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): मध्य प्रदेश में दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे के अंतर्गत सिवनी-बरघाट-कटंगी नई ब्रॉडग्रज रेल लाइन की आवश्यकता है। बालाघाट जिला नक्सल प्रभावित और अति पिछड़ा जिला है। इस नई रेल लाइन के निर्माण से बालाघाट-नागपुर मार्ग जुड जाएगा। जिससे इलाके की आम जनता, व्यापारियों, किसानों, उद्यमियों को काफी राहत मिल जाएगी। इस रेल लाइन की मांग जनता द्वारा वर्षों से की जा रही है।

अतएव माननीय रेल मंत्री जी से मांग है कि आगामी रेल बजट में सिवनी-बरघाट-कटंगी नई ब्रॉडगेज रेल लाइन की स्वीकृति प्रदान की जाए।